प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- 18 वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू, प्रोटेम स्पीकर नवनिर्वाचित सदस्यों को दिला रहे सांसद पद की शपथ, प्रधानमंत्री ने कहा– श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हुआ सत्र।

2- नीट पेपर लीक को लेकर यूजीसी के चेयरमैन एम० जगदीश कुमार ने कहा–सरकार छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए उठा रही सक्रिय कदम।

3- हजारीबाग में दोहरे हत्याकांड का खुलासा, मृतक के पिता और भाई समेत 6 आरोपी गिरफ्तार, कोडरमा में हुए डबल मर्डर के भी 6 अपराधी गिरफ्तार।

4- ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में आज शाम सुपर–8 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से होगा भारत का सामना ।

*******************

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज शुरू हो गया। सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह ने सांसद के तौर पर शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित सदस्यों को सांसद के रूप में शपथ दिला रहे हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा का सत्र श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी। सत्र से पहले संसद के बाहर मीडिया को जानकारी देते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सबको साथ लेकर और संविधान की पवित्रता को बरकरार रखते हुए तेजी से फैसले लेना चाहती है।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि विपक्ष लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

*******************

नीट–यूजी परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने कहा है कि नीट–यूजी परीक्षा का प्रश्नपत्र झारखंड के हजारीबाग से एक पेशेवर गिरोह द्वारा लीक किया गया था। आर्थिक अपराध इकाई ने कहा है कि जांच के दौरान प्रश्न पत्रों की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर हजारीबाग स्थित परीक्षा केंद्र में कई प्रकार की चूक पकड़ में आई है। जांच एजेंसी ने कहा है कि प्रश्न पत्र लीक होने के बाद यह संजीव कुमार उर्फ लुटन मुखिया नामक आपराधिक गिरोह के माध्यम से बिहार पहुंचा जहां इस गिरोह ने परीक्षा से पहले नीट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र दिए।

*******************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम० जगदीश कुमार ने कहा है कि सरकार नीट परीक्षार्थियों छात्रों के सुरक्षित भविष्य के लिए अनेक कदम उठा रही है।

*******************

केन्द्रीय कोयला और खनन मंत्री जी किशन रेड्डी और राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे आज नई दिल्ली में महत्वपूर्ण खनिज खंडों की नीलामी के चौथे चरण का उदघाटन करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इसमें दो अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों को प्रमाण–पत्र दिया जाना भी शामिल है।

*******************

गिरिडीह जिले की पुलिस लगातार साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पिछले नौ महीने में दो सौ अड़तीस साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि मृतक के पिता ने सुपारी देकर अपने छोटे बेटे के साथ मिलकर, बड़े बेटे और होने वाली बहू की हत्या की साजिश रची थी। यह पूरा मामला दहेज से जुड़ा हुआ था। इधर कोडरमा जिले में पुलिस ने होटल मैनेजर और एक कर्मचारी की हत्या के मामले में एक नाबालिग समेत 6 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि सभी आरोपी बिहार के रहने वाले हैं और शराब पीने होटल पहुंचे थे। होटल संचालक से पैसे को लेकर विवाद में उन्होंने हत्याकांड को अंजाम दिया।

*******************

दुमका में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र ने सुखाड़ की स्थिति में भी अच्छी खेती के लिए धन की नई किस्म विकसित की है। धान की इस सूखारोधी नई किस्म को आइआर–64 डीआरटी–1 नाम दिया गया है। यह बीज पहाड़ी और पानी की कमी वाले इलाकों के लिए बेहद उपयोगी है। सुखाड़ की स्थिति में भी धान की यह किस्म बिना पानी के 21 दिनों तक जीवित रह सकती है, जबकि अन्य धान के प्रभेद इस अवधि में मर जाते हैं।

*******************

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर मंत्रालय द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने का दावा करने वाले एक संदेश को फर्जी करार दिया है। मंत्रालय ने कहा है ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

*******************

दुमका जिले में इन दिनों नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला प्रशासन और विभिन्न सामाजिक सांकृतिक संगठनों द्वारा गांव, पंचायत, हाट और बाजार में लोगों को नशा से दूर के लिए जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान कल मंगलवार तक चलेगा।

*******************

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सिदगोड़ा क्रीड़ा उद्यान में स्थित बाल धनुर्धर तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। बाल धनुर्धर तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के चीफ कोच अनुपम सिंह ने बताया कि इस केंद्र को

9 से 14 साल तक के बच्चों को तीरंदाजी की बुनियादी शिक्षा देने के उद्देश्य से इसे चालू किया गया है। यहां बच्चों को नियमित तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

*******************

राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर कल सिमडेगा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया गया। एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित समारोह में कई खेल संघों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर 5 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों वर्गों में विजयी एस एस क्लब की टीम को पुरस्कृत किया गया। वहीं अंडर 16 एथलेटिक्स में बालक वर्ग में 40 और बालिका वर्ग में 29 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कुश्ती में फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन स्टाइल की प्रतियोगिताएं हुईं।

*******************

आईसीसी ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में आज सुपर–8 में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के साथ होगा। मैच भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से सेंट लूसिया, ग्रॉस आइलेट के डैरेन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। आकाशवाणी से इस मैच का आंखों देखा हाल एफ.एम. रैनबो 102 दशमलव 6 मेगाहर्टज और अतिरिक्त मीटरों पर प्रसारित किया जाएगा।

*****समाप्त*******